राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : लेखाशास्त्र

पाठ 23 : साझेदार का प्रवेश

कार्यपत्रक - 23

1. विराट और रोहित 4:1 के अनुपात में लाभ बांटने वाले साझेदार हैं। वे लाभ में 1/5 हिस्से के लिए राहुल को एक नए साझेदार के रूप में प्रवेश देते हैं। नए लाभ बंटवारे अनुपात और त्याग अनुपात की गणना करिये ।
2. "ख्याति भविष्य में सामान्य लाभ से अधिक अर्जित लाभ के संबंध में एक फर्म की प्रतिष्ठा का मूल्य है"। इस कथन के प्रकाश में ख्याति का अर्थ एक उदाहरण की सहायता से स्पष्ट कीजिए। साथ ही ख्याति को प्रभावित करने वाले विभिन्न कारकों की चर्चा कीजिए।
3. हम औसत लाभ विधि के अनुसार ख्याति की गणना कैसे करते हैं?
4. नए साझेदार के प्रवेश के समय ख्याति के व्यवहार की चर्चा कीजिए जब नया साझेदार ख्याति के अपने हिस्से को नकद में लाता है।
5. ए, बी और सी 5: 3: 2 के अनुपात में लाभ बांटने वाले साझेदार हैं। 1 अप्रैल, 2019 से उन्होंने लाभ को समान रूप से साझा करने का फैसला किया। उस तारीख को लाभ हानि खाता रुपये 46, 00, 000 तथा संचय खाता रुपये 7, 00, 000 का शेष जमा दर्शा रहा है। लाभ आंबटन और सामान्य संचय के आंबटन की रोज़नामचा में प्रविष्टियाँ कीजिए।
6. पूजा और अंकित 4: 2 के अनुपात में लाभ बांटने वाली एक फर्म में भागीदार थे। उन्होंने 31 मार्च 2020 से लाभ का बराबर अनुपात में आंबटन करना तय किया। इस के लिए ख्याति का मूल्य रु. 9, 00,000 आंका गया । आवश्यक समायोजन प्रविष्टि कीजिए।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम : लेखाशास्त्र

पाठ 23 : साझेदार का प्रवेश

कार्यपत्रक - 23

7. एक फर्म का पिछले पांच वर्षों का लाभ इस प्रकार से है। वर्ष 2016 रु. 1,10,000: वर्ष 2017 रु. 1,40,000: वर्ष 2018 रु 1,50,000: वर्ष 2019 रु 1,80,000: वर्ष 2020 रु 2,20,000। 5 वर्ष के औसत लाभ के 3 वर्ष के क्रय के आधार पर फर्म की ख्याति की गणना कीजिए।

8. पूंजीकरण विधि के तहत ख्याति की गणना किन तरीकों से की जाती है।

9. पुनर्मूल्यांकन खाता बनाने का उद्देश्य बताइए।

10. नए साझेदार के प्रवेश के समय विवरण में दिखाए गए संचयों और संचित लाभ या हानियों के समायोजन की चर्चा कीजिए।